Exam. Code: 0009
Sub. Code: 0705

2021
B.A./B.Sc. (Hons.)-5th Semester
Hindi
Paper-III(A)

Time allowed: 3 Hours Max. Marks: 90

**नोट:— प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दें।**

-*-*-*-

I. निम्नलिखित की संदर्भ एवं काव्य–सौन्दर्य सहित व्याख्या कीजिए–

(क) ये भी मुझे यही करते हैं, कुत्ते के मुंह में हड्डी दिए रहो, तो नहीं भूंकेगा। सत्तर रुपए पर इसे रखा था, अब सौ लेता है। फिर भी इसके तेवर चढ़े रहते हैं। पर जग्गा बड़ा नेक आदमी था। बड़ा नमक हलाल।

**अथवा**

बलि को रोक देने का वांछित प्रभाव पड़ा। राज्य में बलि का चढ़ाया जाना बंद हो गया। जनगण का हृदय परिवर्तन पहले से भी अधिक द्रुतगति से होने लगा। मार्गों पर धर्मावलंबियों की संख्या तेजी से बढ़ने लगी। (10)

(ख) उसके पास कथा, कहानी और कहावत आदि का जैसा बृहत् कोष था, वैसा सौ पुस्तकों में भी न समाता। इसी से जब मेरा शास्त्र–ज्ञान महाभारत का कारण बनता, तब वह न्यायधीश होकर और अपना निर्णय सबके कान में सुनाकर तुरन्त सन्धि करा देता।

**अथवा**

यह पर्वत की कन्या जितनी निडर है, उतनी ही निश्चल। जिस प्रकार अपनी दराती के साथ वह अँधेरी–से–अँधेरी रात में भी मार्ग ढूंढ लेती है, उसी प्रकार अपने निश्चय के साथ वह घोर–से–घोर विरोध में भी अटल रह सकती है। (10)

II. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दीजिए:–

(क) 'अमृतसर आ गया है........' की मूल संवेदना पर विचार करें।

अथवा

'सलमा आपा' कहानी का सार व उद्देश्य लिखें। (15)

(ख) अलोपी स्मृति–चित्र के मुख्य पात्र का चरित्र–चित्रण करें।

अथवा

सबिया स्मृति–चित्र की मूल संवेदना पर प्रकाश डालें। (15)

***P.T.O.***

III. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए:–

(क) बिम्ब किसे कहते हैं? परिभाषा व स्वरूप स्पष्ट करें।

(ख) रस के प्रकार का वर्णन करें।

(ग) शब्द शक्तियाँ क्या होती हैं? परिभाषा देकर उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

(घ) प्रतीक की परिभाषा व स्वरूप पर विचार कीजिए। (2×15)

IV. निम्नलिखित में से पाँच वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का उत्तर लिखें:–

(क) 'बलराम' भीष्म साहनी की किस कहानी का पात्र है?

(ख) 'खिलौने' कहानी के कहानीकार का नाम क्या है?

(ग) शब्द शक्तियाँ कितने प्रकार की होती है?

(घ) वात्सल्य रस का स्थायीभाव क्या है?

(ड.) 'शामनाथ' किस कहानी का पात्र है?

(च) 'अतीत के चलचित्र' के रचनाकार का क्या नाम है?

(छ) 'भाभी' पाठ की विधा क्या है?

(ज) 'रधिया' किस संस्मरण की पात्रा है? (5x2)

-*-*-*-